**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 19.05.2023 को आहूत बैठक का कार्यवृत।**

दिनांक 19.05.2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री अशोक कुमार सिंह | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री एम.पी. गौतम | प्रभागीय वनाधिकारी, झाँसी वन प्रभाग, झाँसी। |
| 4 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 5 | श्री जे.के. गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या. (वि./यॉ.), उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 6 | श्री आर.एस. सिंह बादलीवाल | अधि.अभि. झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 7 | श्री उमेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 8 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 9 | श्री श्रीनिवास मिश्रा | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 10 | श्री विजय लोखण्डे | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री सुमित गुप्ता | डी.पी.एम., बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री जे.एस. पैट्रिक | प्रोजेक्ट मैनेजर, आई.एच.पी., झाँसी। |
| 13 | श्री विशाल | प्रोजेक्ट मैनेजर, यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रास्ट्रेक्चर, झाँसी। |
| 14 | श्री नारायण सिंह | प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा इंजीनियरिंग, झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने हेतु विभिन्न विभागों से अनापत्तियां प्राप्त करने की स्थिति।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायों में पाइप लाइन बिछाने हेतु विभिन्न विभागों जैसे- लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण से अनापत्तियां प्राप्त करते हुये कार्य प्रगति पर है। वन विभाग द्वारा वांछित 06 नग अनापत्तियों के सापेक्ष 05 नग अनापत्तियां प्राप्त की जा चुकी है, जिनपर कार्य प्रगति पर है। 01 नग अनापत्ति अवशेष है, जिस पर भी कार्य किया जा चुका है। इसी प्रकार बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत रक्षा विभाग की 03 नग अनापत्तियों के सापेक्ष 03 अनापत्तियां निर्गत कर दी गई है, जिनमें से 02 पर कार्य प्रगति पर है। विद्युत पोल से सम्बन्धित 01 नग अनापत्ति हेतु रक्षा विभाग की बोर्ड की बैठक पूर्ण कर ली गयी है। संयुक्त निरीक्षण उपरान्त आवश्यक धनराशि जमा करने की कार्यवाही पूर्ण करते हुये एम.ओ.यू. गठन की कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात् कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 (झाँसी-खजुराहो) के समानान्तर विभिन्न चैनेजों पर ग्रामवासियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को (दिनांक 16.05.2023 एवं 17.05.2023 को ग्राम घुराट, दिनांक 18.05.2023 को ग्राम सकरार में) मुक्त करा दिया गया है, जिस पर कार्य प्रगति पर है। दिनांक 19.05.2023 को ग्राम बंगरा में चिन्हित चैनेजों पर अतिक्रमण हटाने का कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा प्रगति पर है, जिसके पूर्ण होते ही पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर 11 के.वी.ए. क्षमता की विद्युत केबिल की क्रासिंग एवं मार्ग के समानान्तर विद्युत पोल अधिष्ठापन हेतु वि0/यॉ0 खण्ड द्वारा वांछित धनराशि जमा की जा चुकी है। अनापत्ति अपेक्षित है। जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के मैनेजर को निर्देशित किया गया कि कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुये विद्युत केबिल की क्रासिंग एवं मार्ग के समानान्तर विद्युत पोल अधिष्ठापन

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

करने हेतु अनुमति निर्गत करते हुये अवशेष वांछित कार्यवाही पृथक से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जा सकें।

- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिसके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

गुलारा, बचावली एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अगवत कराया गया कि गुलारा योजनान्तर्गत प्रस्तावित 44 नग ग्रामों से 27 नग ग्रामों, बचावली योजनान्तर्गत प्रस्तावित 40 ग्रामों में से 12 नग ग्रामों तथा तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 30 नग ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा जून-2023 तक योजनाओं के शत-प्रतिशत ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि दी गयी तिथि तक योजना के कार्यो को शत-प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अगवत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित 62 नग ग्रामों से 30 नग ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा जून-2023 तक योजनाओं के शत-प्रतिशत ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 13 नग ओवर हैड टेंक, 08 नग सी.डब्लू.आर., 4.250 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 112.060 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 654. 019 किमी. वितरण प्रणाली तथा 30239 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किये जाने का प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक इन्टेक वेल-80%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट-60%, 13 नग ओवर हैड टेंक-55%, 8 नग सी.डब्लू.आर.-50%, 2.980 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 107.393 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 582.461 किमी. वितरण प्रणाली, 27531 नग एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया माह जून-2023 तक आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जायेगी।




Scanned with OKEN Scanner

टे...का-बरधरी ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वैल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टैक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 57108 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किये जाने प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 02 नग इन्टेक वेल-65%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट-60%, 25 नग ओवर हैड टैक-48%, 16 नग सी.डब्लू.आर.-45%, 3.160 किमी. रॉ-वाटर राईजिंग मेन, 106.886 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 917.659 किमी. वितरण प्रणाली, 43406 नग एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया माह जून-2023 तक आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ की जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 15 जून, 2023 तक इन्टेक वेल के समस्त कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अगवत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित 74 नग ग्रामों में से 18 नग ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा जुलाई-2023 तक योजनाओं के शत-प्रतिशत ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-39 (झाँसी-खजुराहो) के समानान्तर विभिन्न चैनेजों पर ग्रामवासियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा मुक्त करा दिया गया है। अतः मशीनरी एवं श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुये उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करायें।

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अगवत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित 34 नग ग्रामों ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त ग्रामों का "हर घर जल" सर्टिफाईड कराना सुनिश्चित किया जायें।



बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना :- योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अगवत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित 59नग ग्रामों में से 41 नग ग्रामों में आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा जून-2023 तक योजनाओं के शत-प्रतिशत ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

[redacted]

जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा अनुबन्धित फर्मों के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि योजना पर अतिरिक्त श्रमिक एवं मशीनरी लगाते हुये दी गयी तिथि तक योजना के कार्यों को पूर्ण कराये तथा योजनान्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही योजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार घर के अन्दर उचित स्थान पर लगाना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करते हुये योजनाओं में सम्मिलित समस्त ग्रामों के ग्रामवासियों को "हर घर जल" से लाभान्वित किया जा सके।

- **<u>जनपद झाँसी के समस्त 08 विकास खण्डों में सम्मिलित ग्रामों की मजरेंवार पेयजल की स्थिति।</u>**

जनपद झाँसी के समस्त 08 विकास खण्ड में सम्मिलित ग्रामों की मजरेंवार पेयजल स्थिति के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी को अवगत कराया गया कि जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी के माध्यम से जनपद झाँसी के समस्त 08 विकास खण्ड के समस्त ग्रामों की मजरेंवार पेयजल की वर्तमान स्थिति से जिसमें विकास खण्ड, ग्राम पंचायत, राजस्व ग्राम, मजरा तथा उसमें पेयजल उपलब्धता की पूर्व व्यवस्था एवं वर्तमान व्यवस्था का स्पष्ट उल्लेख हो का विवरण जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के हस्ताक्षर उपरान्त जिलाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत करायें।

- **<u>जल संस्थान, झाँसी द्वारा नगर निगम एवं नगर निकायों में पेयजल आपूर्ति चलायें जा रहे टैंकरों की स्थिति।</u>**

जल संस्थान, झाँसी द्वारा नगर निगम एवं नगर निकायों में पेयजल आपूर्ति चलायें जा रहे टैंकरों की स्थिति के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल संस्थान, झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम झाँसी के पेयजल समस्याग्रस्त 30 वार्डो में 55 नग टैंकरो के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इसके अतिरिक्त अन्य नगर निकायों मऊरानीपुर–02 नग, गुरसरांय–01 नग, बरूआसागर–02, रानीपुर–03 नग एवं गरौठा में 06 नग टैंकरों के माध्यम से पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है कि नगर निकायों के शेष बचे टैंकरो के माध्यम से नगर निगम, झाँसी के अन्य वार्डो मे पेयजल आपूर्ति कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

जिलाधिकारी, झाँसी।
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

**<u>कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।</u>**

पत्रांक–1360/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2022/68 दिनाँक:24 मई, 2023

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
4– सभी सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanne